बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा (वि.सं. 03/2021) के परीक्षार्थियों/संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षकों के लिए आवश्यक सूचना

दिनांक 15.05.2022 को आयोजित की जाने वाली बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा (वि॰सं॰ 03/2021) के सफल, सुव्यवस्थित एवं कदाचाररहित संचालन हेतु निम्नांकित बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना है :–

1. परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा प्रारम्भ होने के 1½ घण्टा पूर्व यथा, **10:30 बजे पूर्वाह्न से 11:45 बजे पूर्वाह्न तक ही प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। 11:45 बजे पूर्वाह्न के बाद किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।**
2. परीक्षा केन्द्र परिसर, जहाँ परीक्षा होनी है, में मोबाइल, ब्लूटूथ, कैलकुलेटर, वाई–फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, Wrist Watch (सामान्य/Smart) इत्यादि इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा whitener/blade/eraser आदि सामग्री अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरण को लेकर जाना एवं उपयोग पूर्णतः वर्जित है। इसका उल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की जायेगी।
3. OMR Answer Sheet में किसी प्रकार का चिन्ह्/रेखांकन/अंकन करना वर्जित है। इसकी अवहेलना किए जाने पर अनुशासनिक/दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। प्रवेश पत्र पर अंकित "आवश्यक निर्देश" एवं उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) पर अंकित सभी निर्देशों को उम्मीदवार ध्यान से पढ़े और उसका अक्षरशः अनुपालन करें। OMR Answer Sheet में Question Booklet Series एवं Roll No. निश्चित रूप से अंकित करते हुए गोलों को सही ढंग से भरें, अन्यथा इसकी जाँच नहीं की जायेगी।
4. आवेदन में अंकित तथ्य किसी भी समय जाँच के क्रम में अन्यथा पाए जाने की स्थिति में सम्बन्धित उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है और आयोग की इस परीक्षा एवं आगामी परीक्षाओं में उन्हें भाग लेने से वंचित किया जा सकता है।

9.5.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना